भारत सरकार
शिक्षा मंत्रालय
स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या-971
उत्तर देने की तारीख-02/12/2024

शिक्षकों की भर्ती में पारदर्शिता

†971. श्री अमरिंदर सिंह राजा वारिंग:

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) देश भर के स्कूलों में शिक्षकों के रिक्त पदों के क्या कारण हैं;
(ख) क्या सरकार के पास शिक्षकों की भर्ती में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए शिक्षा संबंधी स्थायी समिति (2023) की सिफारिश के अनुसार स्वायत्त शिक्षक भर्ती बोर्ड बनाने की कोई योजना है; और
(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण है?

उत्तर

शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्री जयन्त चौधरी)

(क): भर्ती एक सतत प्रक्रिया है और रिक्तियां अनेक कारणों जैसे सेवानिवृत्ति, त्यागपत्र, विद्यार्थियों की संख्या में वृद्धि के परिणामस्वरूप शिक्षकों की बढ़ती आवश्यकता के कारण उत्पन्न होती हैं।

शिक्षा संविधान की समवर्ती सूची का विषय है, इसलिए देश के अधिकांश स्कूल राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के प्रशासनिक नियंत्रण में आते हैं। शिक्षकों की भर्ती, सेवा शर्तें और तैनाती संबंधित राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्रों के प्रशासन के क्षेत्राधिकार में आती है और यह सुनिश्चित करना उनकी जिम्मेदारी है कि रिक्तियों को समयबद्ध तरीके से भरा जाए।

(ख) और (ग): शिक्षा, महिला, बाल, युवा और खेल संबंधी विभाग-संबंधित संसदीय स्थायी समिति ने दिनांक 28 मार्च, 2023 को संसद के दोनों सदनों के समक्ष प्रस्तुत अपनी 349वीं

रिपोर्ट के पैरा 3.1.14 में सिफारिश की है कि राज्य स्तर पर स्वायत्त शिक्षक भर्ती बोर्ड का गठन किया जा सकता है।

विभाग ने दिनांक 28 अक्टूबर, 2023 के पत्र के माध्यम से राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों से समिति की सिफारिशों के अनुसार स्वायत्त शिक्षक भर्ती बोर्डों के माध्यम से शिक्षक भर्ती में तेजी लाने का अनुरोध किया था। समय-समय पर होने वाली बैठकों के दौरान राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के साथ प्रगति की समीक्षा की गई है।

इसके अलावा, समग्र शिक्षा मानदंड में यह प्रावधान है कि एनसीटीई के दिशा-निर्देशों और शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) के अलावा, राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा, गुणवत्तायुक्त शिक्षकों की भर्ती के लिए, निरंतरता और शुचिता का उचित ध्यान रखते हुए, राज्य लोक सेवा आयोग या केंद्रीय भर्ती इकाई के माध्यम से प्रतियोगी चयन परीक्षा आयोजित की जा सकती है।

*****